







नवभारत
इंदौर, सोमवार, 22 जून 2026




### एक नजर में

## जीवन मूल्य फाउंडेशन मध्यप्रदेश स्थापना वर्ष पर मिलन समारोह हुआ संपन्न

**मंदसौर।** सामाजिक सेवा संस्था जो स्वास्थ शिक्षा पर्यावरण पर कार्य करती है संस्था के स्थापन वर्ष पर समाजसेवियों रक्तदाताओं का मिलन समारोह बंजारी बालाजी ( पानपुर ) में संपन्न हुआ जिसमें सर्वप्रथम मां भारती के चरणों में पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्रमुख संस्थापक राहुल वर्मा द्वारा की गई , तत्पश्चात सभी समाजसेवि साथियों का एक के बाद एक परिचय किया गया जिसमें सबने उत्सुकता से भाग लिया , इस शुभ अवसर पर संस्था का नव दायित्व भी दिया गया जिसमें मंदसौर जिला अध्यक्ष के पद पर विजय सोलंकी को बनाया गया हे , कार्यक्रम में रक्तदान को लेकर विपिन डांगी (वीर जी) ने बताया कि बढ़ती रक्त की कमी के लिए हर परिवार से रक्तदाता होना आवश्यक है ,रक्तदान करने से कमजोरी नहीं आती है ,नियमित रक्तदान से हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारी को भी काफी हद तक कम किया जा सकता है संस्था प्रमुख राहुल वर्मा ने बताया कि जिस प्रकार गर्मी अपना विकराल रूप ले रही है उसी को देखते हुए हरित क्रांति की ओर कदम बढ़ाते हुए इस कार्यक्रम में पधारे सभी साथी अपने द्वारा एक एक पेड़ जरूर लगाए इस अवसर पर सभी समाज सेवी, रक्तदाता, मानवता के हित में हमेशा कार्य करने वाले स्वयंसेवी अधिक संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम उपरांत मंदसौर जिला अध्यक्ष विजय सोलंकी ने सभी समाजसेवि साथियों का आभार व्यक्त किया।

## नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था ने किया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर



**मंदसौर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से चयनित नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था, सेक्टर डिगांव माली क्रमांक-4 द्वारा आदर्श ग्राम पिपलिया कराडिया में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणजनों, युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग शिविर में प्रतिभागियों को योग के महत्व एवं नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी गई। उपस्थित जनों को स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के लिए प्रतिदिन योग करने हेतु प्रेरित किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है तथा इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम समन्वयक दिनेश सोलंकी, गुर्जर बढ़िया मंडल महामंत्री जयंतीलाल जी गुप्ता, पूर्व सरपंच वीरेंद्र सिंह सिसोदिया आयुष विभाग भगवती प्रसाद कुशवाहा, डॉ राठौर, शिक्षा विभाग से वैष्णव सर, स्वास्थ्य विभाग से संपत कच्छावा आशा कार्यकर्ता उषा सोलंकी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा बैरागी, पूनम चौधरी, मंगला सोनी ग्राम के ईश्वर लाल जी पाटीदार, बलराम जी चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने एवं अन्य लोगों को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गरोठ में उमड़ा जनसमूह

- विधायक चंद्रसिंह सिसौदिया के नेतृत्व में हजारों लोगों ने किया योग, स्वस्थ एवं निरोगी जीवन का लिया संकल्प



**गरोठ। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गरोठ के दशहरा मैदान में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गरोठ विधायक चंद्रसिंह सिसौदिया की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया।**

विधायक सिसौदिया ने स्वयं योगाभ्यास कर नागरिकों को योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया, तथा सभी को नियमित योग के माध्यम से स्वस्थ, संतुलित एवं निरोगी जीवन जीने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी उद्बोधन को भी सुना। प्रधानमंत्री ने योग को भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए इसे मानवता के कल्याण का प्रभावी माध्यम बताया ।उनके संदेश से प्रेरित होकर उपस्थित नागरिकों ने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का संकल्प लिया ।योग गुरु विनोद सैन के मार्गदर्शन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए। विधायक चंद्रसिंह सिसौदिया ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का सशक्त माध्यम है। आज के तनावपूर्ण जीवन में योग व्यक्ति को मानसिक शांति, ऊर्जा और सकारात्मकता प्रदान करता है ।इस अवसर पर एक भावनात्मक और प्रेरणादायी दृश्य तब देखने को मिला विद्यालय के शिक्षक ओर छात्रों सहित आमजन की सक्रिय भागीदारी से यह संदेश दिया कि योग संस्कारों और स्वस्थ जीवनशैली की ऐसी परंपरा है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है ।कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, नगर परिषद उपाध्यक्ष महेश मालवीय, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोकुल सिंह चौहान विनोद ग्वाला, रामनिवास पाटीदार, बीआरसी नेपाल सिंह तोमर, प्राचार्य प्रवीण व्यास,सहित शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ, सशक्त और निरोगी समाज के निर्माण में योगदान देंगे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चंदशेखर शर्मा सर ने किया।

# मन, आत्मा और शरीर के संतुलन का आधार है योग : सांसद गुप्ता

- विश्व योग दिवस पर नूतन स्टेडियम में हुआ सामूहिक योग कार्यक्रम

**मंदसौर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन नूतन स्टेडियम, मंदसौर में किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर अदिती गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन, वन मंडल अधिकारी, बड़ी संख्या में योग साधक एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का कोलकाता से दिया गया योग दिवस का संबोधन लाइव प्रसारित किया गया, जिसे उपस्थितजनों ने सुना। वहीं महामहिम राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सामूहिक योगाभ्यास भी किया गया। इसके पश्चात जैन संत श्री प्रणमय सागर ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थितजनों को योगाभ्यास कराया। सांसद गुप्ता ने कहा कि भारत में हजारों वर्षों से योग की समृद्ध परंपरा रही है। ऋग्वेद सहित प्राचीन ग्रंथों में योग का उल्लेख मिलता है तथा महर्षि पतंजलि ने योग को सरल एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया।

## संत निरंकारी मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन

**मन्दसौर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विशेष अवसर पर 21 जून को संत निरंकारी मंडल दिल्ली ब्रांच मन्दसौर द्वारा स्थानीय सिंधी धर्मशाला में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में दशपुर योग शिक्षा संस्थान के योग प्रशिक्षक आनन्द कश्यप एवं शांकी कश्यप ने साधकों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया।

प्रशिक्षकों ने साधकों को प्रत्येक योगासन और प्राणायाम के शारीरिक व मानसिक लाभों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस मौके पर साधकों को संबोधित करते हुए योग गुरु आनन्द कश्यप ने योग को दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रेरणा देते हुए कहा कि नियमित योग अभ्यास से न केवल शरीर निरोगी रहता है, बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता में भी वृद्धि होती है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय मंडल और समाज की सक्रिय भागीदारी रही। इस पावन अवसर पर संयोजक महेश, शीतल कोतक, ताराचंद, मुकेश होतवानी, मनोहर, लबन, राहुल, कशीष, नम्रता, मिनल और नेहा सहित बड़ी संख्या में साधक उपस्थित थे।

# योग नए भारत के आत्मबल और अर्थव्यवस्था का आधार

**मंदसौर।** सदियों पहले भारत की पावन भूमि से उपजा %योग% आज वैश्विक चेतना का सबसे बड़ा संवाहक बन चुका है। जब संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी थी, तब वह केवल एक पद्धति का सम्मान नहीं था, बल्कि भारत की प्राचीन वसुधैव कुटुंबकम की भावना को वैश्विक स्तर पर स्वीकार करना था। आज योग धर्म, जाति, भूगोल और सीमाओं के बंधनों को तोड़कर पूरी मानवता को एक सूत्र में पिरो रहा है। लेकिन 21वीं सदी के इस दौर में हमें योग को सिर्फ शारीरिक व्यायाम या कुछ आसनों तक सीमित रखने की भूल नहीं करनी चाहिए। योग एक पूर्ण जीवन दर्शन है, जो व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक प्रगति को तो सुनिश्चित करता ही है, साथ ही राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक विकास का अदृश्य इंजन भी है।

**स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च में कमी:** एक अर्थशास्त्री या वित्त मंत्री के दृष्टिकोण से जब मैं योग को देखता हूं, तो मुझे इसमें भारत के सकल घरेलू उत्पाद (त्रष्ठक्क) और नागरिकों की क्रय शक्ति को मजबूत करने का एक बड़ा माध्यम दिखाई देता है। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश में आज भी आउट-ऑफ-पॉकेट एक्सपेंडिचर यानी बीमारी पर अपनी जेब से होने वाला खर्च परिवारों के लिए एक बड़ा आर्थिक बोझ है। योग मुख्य रूप से एक प्रिवेंटिव हेल्थकेयर (निवारक स्वास्थ्य देखभाल) प्रणाली है। यदि देश का नागरिक हर दिन सिर्फ 30 मिनट योग को देता है, तो वह जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे—मधुमेह उच्च रक्तचाप और मानसिक तनाव से दूर रहता है। स्वस्थ नागरिक का सीधा अर्थ है अस्पतालों और दवाईयों पर होने वाले खर्च में कमी। यही बची पूंजी परिवारों की बचत बनती है, जो आगे चलकर देश के वित्तीय चक्र को गति देती है।

**कार्यक्षमता में वृद्धि और डेमोग्राफिक डिविडेंड:** भारत आज दुनिया का सबसे युवा देश है। हमारी इस युवा आबादी का लाभ हमें तभी मिल सकता है, जब यह युवा कार्यबल न केवल डिग्री-धारी हो, बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से भी ऊर्जावान हो। कार्पोरेट जगत से लेकर सरकारी विभागों तक, %बर्नआउट% और मानसिक तनाव कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहे हैं। योग और प्राणायाम व्यक्ति की एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाते हैं। जब कार्यबल की कार्यक्षमता बढ़ती है, तो उसका सीधा सकारात्मक असर उद्योगों के उत्पादन और अंततः देश की आर्थिक विकास दर पर पड़ता है। योग भारत के युवाओं को भीतर से सशक्त कर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को गति दे रहा है।

**मध्य प्रदेश: योग को नीतिगत बढ़ावा:** मध्य प्रदेश सरकार योग को केवल आयोजनों तक सीमित न रखकर इसे अपनी विकास नीतियों का हिस्सा बना रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने वेलनेस टूरिज्म (स्वास्थ्य पर्यटन) को बढ़ावा देने के लिए विशेष नीतियां तैयार की हैं।

# संत गाडगे महिला मंडल भानपुरा का गठन, कंचनबाई लोड़वाडिया बनीं अध्यक्ष

- महिला सशक्तिकरण एवं समाज उत्थान के संकल्प के साथ नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



भानपुरा। रजक समाज की महिलाओं द्वारा संत गाडगे रजक समाज मांगलिक भवन, भानपुरा में शनिवार को एक बैठक आयोजित कर संत गाडगे महिला मंडल का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन करते हुए समाज हित एवं महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया।

बैठक में कंचनबाई लोड़वाडिया को अध्यक्ष, श्रीमती अनिता सरोटिया को उपाध्यक्ष, श्रीमती रेखा चंदाचोरिया को सचिव, श्रीमती हेमलता वर्मा को कोषाध्यक्ष तथा श्रीमती रेखा बलसोरिया को सहसचिव नियुक्त किया गया। इसी प्रकार श्रीमती दीपिका लोठिया को संगठन मंत्री, श्रीमती संतोष लोठिया को मीडिया प्रभारी तथा श्रीमती टीना उनियारा को व्यवस्था प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी में श्रीमती रेखा उनियारा, श्रीमती अनोखी रेठोदिया, चंदा सरोटिया, श्रीमती ममता चंदाचोरिया, श्रीमती मीनू खत्री, श्रीमती सीमा एनिया, संतोष लोड़वाडिया और कौशल्या गहलोत को भी विभिन्न जिम्मेदारियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं एवं शुभकामनाओं के साथ स्वागत किया।

नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने समाज को नई दिशा देने, महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा सामाजिक उत्थान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम की सफलता पर परमानंद बलसोरिया, गोपाल लोठिया, मनसुख चंदाचोरिया, पिंटू लो?वाडिया, अंतिम अन्छेरिया, कमलेश बलसोरिया, टिंकू उनियारा, सोनू डिंगोनिया एवं हेमराज लोठिया सहित समाजजनों ने नई कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। यह समाचार स्थानीय समाचार पत्र की शैली में शीर्षक, उपशीर्षक, डेटलाइन एवं व्यवस्थित समाचार प्रारूप में तैयार किया गया है।



### एक नजर में

## डॉक्टर्स डे सेलिब्रेशन सीरीज में आईएमए की पहल, आज होगी स्वास्थ्य जागरूकता परिचर्चा

**नीमच।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नीमच द्वारा डॉक्टर्स डे सेलिब्रेशन सीरीज के तहत सोमवार, 22 जून को शहरवासियों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत विकास परिषद मुख्य शाखा, नीमच के सहयोग से आयोजित होगा, जिसमें महिलाओं एवं आमजन को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियों और आपातकालीन जीवनरक्षक तकनीकों की महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। आईएमए नीमच अध्यक्ष डॉ. मनीष चमड़िया एवं सचिव डॉ. आदित्य भंडारी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि बदलती जीवनशैली और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बीच जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। इसी उद्देश्य से आईएमए लगातार समाज के बीच स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

## नीमच जिले में भयानक सड़क हादसा, नयागांव क्षेत्र में आगे चल रहे ट्रॉले से जा टकराया ट्रक

**नीमच।** जिले के नयागांव क्षेत्र में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। निम्बाहेड़ा की ओर जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रॉले से जा टकराया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य शुरू किया ।सूचना पर पुलिस एवं प्रशासनिक अमला भी घटनास्थल पर पहुंचा। कड़ी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय नीमच पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है ।हादसे के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा ।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## भादवामाता मार्ग के कुएं में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी



**नीमच।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भादवामाता जी के मार्ग पर स्थित एक कुएं में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही नीमच सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाकर जांच शुरू की ।जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने कुएं में शव दिखाई देने पर पुलिस को सूचना दी थी। थाना प्रभारी विजय सागरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जानकारी में शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है ।मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। पुलिस

# कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच हुई नीट -यूजी 2026 की पुन: परीक्षा, 926 अभ्यर्थियों ने आजमाई किस्मत



**नीमच। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा की पुनः परीक्षा रविवार को जिले के दो परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजामों और व्यापक प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच आयोजित की गई। मेडिकल क्षेत्र में प्रवेश के लिए आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा में जिले के कुल 926 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक संचालित होगी, जबकि अभ्यर्थियों के प्रवेश और दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया निर्धारित समयानुसार सुबह से ही शुरू कर दी गई थी।**

जानकारी के अनुसार श्री सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय में 456 तथा स्वामी विवेकानंद पीजी कॉलेज में 470 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा प्रारंभ होने से पहले केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र, पासपोर्ट आकार एवं पोस्टकार्ड आकार के फोटो का गहन सत्यापन किया गया। सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया ।रविवार सुबह से ही दोनों परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों की भीड़ दिखाई देने लगी थी। भीषण गर्मी और उमस को देखते हुए जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए थे।

## शाउमावि पालसोड़ा में मनाया योग दिवस

**नीमच।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पालसोड़ा में योग दिवस मनाया गया। जिसमें गणमान्य नागरिक, पालक, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी ।कार्यक्रम का आकर्षण देविपुरा प्राथमिक विद्यालय का बालक विकास पिता श्री भीम सिंह गरासिया रहा ।जिसने सत्र 2025-26 में सर्वाधिक अंक संकुल में 93 प्रतिशत प्राप्त कर नियमित कक्षा छठी में अध्ययनरत है। विद्यालय ने छात्र को सम्मानित करते हुए एवं अन्य बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्य अतिथि बनाया और छात्र का पुष्प हारो से कर स्वागत किया ।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ज्योति जोहरी ने किया तथा अंत में प्रभारी प्राचार्य ने आभार श्री सत्यनारायण बैरागी ने व्यक्त किया ।योग गतिविधियां भेरूलाल बेकुंदिया के मार्गदर्शन में आयोजित की गई ।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ ।यह जानकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पालसोड़ा के प्रभारी प्राचार्य ने दी है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लायन डेन नीमच में किया सामूहिक योगाभ्यास

**नीमच।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को लायन डेन नीमच में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

विधायक नीमच दिलीप सिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एसपी श्री राजेश व्यास, नीमच नपा अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा, जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस. कलेश सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न योग संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मुख्य आतिथ्य में कोलकाता से आयोजित योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को लाइव देखा व सुना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थितजनों ने योग की विभिन्न क्रियाओं और आसनों को अतिथियों के साथ दोहराया और योग व प्राणायाम किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने उपस्थितजनों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं और सभी से योग को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन श्री अरुण सोलंकी ने किया तथा अंत में जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुजानमल मगरिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अतिथियों के साथ ही जनप्रतिनिधि पार्षद, योग संस्थाओं, संगठनों समाज सेवी संस्थाओं के पदाधिकारी अधिकारी-कर्मचारी और अन्य मौजूद थे।

## शुभ प्रभात योग मित्र मंडल ने सांस्कृतिक परंपरा के साथ मनाया विश्व योग दिवस

**नीमच।** शुभ प्रभात योग मित्र मंडल के तत्वाव धान में सुबह 7 बजे गांधी वाटिका में विश्व योग दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। शुभ्रभात योग मित्र मंडल के योग गुरु शिव माहेश्वरी दिलीप चौधरी,अध्यक्ष अनिल सिंहल ने बताया कि

12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत विशेष योग शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रोटोकॉल के अनुसार सभी को योग क्रिया का अभ्यास कराया तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक लाभ की जानकारी दी। वर्ष 2026 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है जिसका उद्देश्य भारतीयों में योग के माध्यम से शारीरिक मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ बनाना है उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन में शुभप्रभात योग मित्र मंडल निरंतर सक्रिय सहभागिता निभाता आ रहा है योग प्रशिक्षकों सहित बड़ी संख्या में योग साधकों ने भाग लेकर आगामी योग दिवस के लिए अभ्यास किया ।विगत27 साल से योग गांधी वाटिका में चल रहा है एवं हजारों की संख्या में योग के माध्यम से लोग योग करके स्वस्थ लाभ लेकर जीवन बिता रहे हैं एवं प्रतिदिन लगभग 110 के आसपास महिला एवं पुरुष योग करते हैं।

### एक नजर

### संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद ग्रामीणों ने लगाए नारे

# गुस्साए ग्रामीणों ने भाजपा विधायक की गाड़ी का किया घेराव



**नीमच।** मध्य प्रदेश के नीमच जिले के जावद विधानसभा क्षेत्र के गांव में रविवार को हंगामा मच गया। ग्राम बांगरेड़ में रविवार को आयोजित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) के लोकार्पण कार्यक्रम का माहौल उस समय गरमा गया, जब लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे ग्रामीणों ने भाजपा विधायक ओमप्रकाश सखलेचा का घेराव कर दिया। चुनाव के दौरान किए गए सड़क निर्माण के वादे पूरे नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उन्हें 'चोर-चोर' कहकर संबोधित किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में लोग विधायक पर अपना वादा पूरा नहीं करने के आरोप लगा रहे हैं। बता दें कि,ओमप्रकाश सखलेचा जावद विधानसभा क्षेत्र से लगातार पांच बार निर्वाचित हो चुके है।

**ग्रामीणों ने विधायक को याद दिलाया सड़क निर्माण का वादा**

जानकारी के अनुसार ग्राम बांगरेड़ में करीब 65 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण करने विधायक ओमप्रकाश सखलेचा पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों और आधुनिक सुविधाओं की बात की जा रही थी, तभी ग्रामीणों ने बीच में हस्तक्षेप करते हुए स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने वाले मार्ग की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठा दिया। ग्रामीणों का कहना था कि खेडा बांगरेड़ और बांगरेड़ के बीच की सड़क वर्षों से खराब हालत में है। बारिश के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह कीचड़ और पानी से भर जाता है, जिससे मरीजों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।